www.wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

जन मन की आवाज



सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818



वर्ष-1 अंक-128 सागवाड़ा, शनिवार,8 जनवरी, 2022 अवधिः हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


## "हैल्थ वर्कर्स, फ्रंटलाइन वर्कर्स व 60 से अधिक आयु वर्ग के लोगों के लगेगी कोविड बूस्टर डोज़"

# "10 जनवरी से लगाई जावेगी बूस्टर डोज़"

**डूंगरपुर।** भारत सरकार व राजस्थान सरकार द्वारा जारी निर्देशानुसार 10 जनवरी 2022 सोमवार से हैल्थ वर्कर्स, फ्रंटलाइन वर्कर्स और 60 से अधिक आयु वर्ग के वह वरिष्ठ नागरिक जो कि गंभीर बीमारीयों ये पीड़ित है उन्हें ही कोविड बूस्टर डोज लगाई जाना है। गौरतलब है कि जिन हैल्थ वर्कर्स, फ्रंटलाइन वर्कर्स और 60 से अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ नागरिक को कोविड-19 वैक्सीनेशन की पहली व दुसरी डोज़ लगाई जा चुकी है एवं दूसरी डोज के 9 माह या 39 सप्ताह पूर्ण हो गये है उन्हे कोविड बूस्टर डोज़ लगाई जाना है। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वस्थ्य अधिकारी डॉ. कांति लाल बताया कि निदेशालय से प्राप्त निर्देशानुसार जिले के हैल्थ वर्कर्स, फ्रंटलाइन वर्कर्स और 60 से अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ नागरिक जो की गम्भीर बीमारी से पीडित है उन्हे कोविड बूस्टर (प्रीकॉशन डोज़) लगाया जाना है। डूंगरपुर जिले में 9376 हैल्थ वर्कर्स, 12238 फ्रंटलाइन वर्कर्स और 103363 व्यक्ति 60 से अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ नागरिक है जिन्हे कोविड-19 की दोनो डोज़ लग चुकी है। इसमें 60 से अधिक आयु के उन्ही लोगो को टीका लगाया जाएगा जो कि गम्भीर बीमारियों से पीड़ित है और जिन्हे दूसरी डोज के 9 माह या 39 सप्ताह पूर्ण हो गये है उन्हे कोविड बूस्टर डोज़ लगाई जाना है।

### कोविड टीकाकरण व संक्रमण की गम्भीरता को लेकर अपील

हर नागरिक का कर्त्तव्य है कि वो वैक्सीन लगवाए व आवश्यक रूप से मास्क पहने, डिस्टेंसिंग मेंटेन करे, अपने खुद के, अपने परिवार के, अपने समाज के हित में सब लोग दोनों वैक्सीन लगवाएं। ये प्रूव हो चुका है दुनिया के अंदर कि जो वैक्सीन लगवा लेता है, कम से कम उसकी मृत्यु होने की संभावना समाप्त हो जाती है, गंभीर नहीं होता है, भर्ती नहीं हो पाता है अस्पताल के अंदर, नौबत ही नहीं आती है, व ऑक्सीजन की आवश्कता नही पडती ये एक बहुत बड़ा मुख्य लाभ है कि वैक्सीन लगाना इसलिए आवश्यक है। मैं उम्मीद करता हूं कि ये हमारी अपील को लोग मानेंगे और वैक्सीन लगवाएंगे और जो प्रोटोकॉल है कोविड का, उसकी पालना करेंगे।

## पेड़ से एक युवक का लटका हुआ शव मिला

**डूंगरपुर।** जिले के बिछीवाडा थाना क्षेत्र के सेरावाड़ा आमलिया फला गांव में पेड़ से एक युवक का लटका हुआ शव मिलने पर सनसनी फ़ैल गई। पुलिस ने मृतक की पहचान उदयपुर जिले के बम्बाला निवासी कमलेश परमार के रूप में की है। मृतक युवक एक माह पहले मजदूरी के लिए गुजरात गया था। बिछीवाडा पुलिस पुरे मामले की जांच कर रही है। बिछीवाडा थानाधिकारी रणजीत सिंह ने बताया की सुचना मिली थी की थाना क्षेत्र के सेरावाड़ा आमलिया फला गाँव में पेड़ से एक युवक का शव लटका हुआ है। सुचना पर बिछीवाडा पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ग्रामीणों से ली। इधर पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को पेड़ से नीचे उतरवाया। युवक ने अपने मफलर से फांसी का फंदा लगाया था। इधर पुलिस ने मृतक की पहचान उदयपुर जिले के बम्बाला निवासी कमलेश परमार के रूप में की। जिसके बाद पुलिस ने शव को मौके से उठ्वाकार जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। वही परिजनों को मामले की सुचना दी। इधर सुचना पर परिजन डूंगरपुर मोर्चरी पहुंचे। जहा पर परिजनों ने पुलिस को बताया की कमलेश एक माह पहले ही गुजरात मजदूरी के लिए गया था और 15 दिन पहले कमलेश की सगाई कनबई गाँव में करवाई थी। वही मृतक का शव जिस गाँव में मिला है उससे करीब। किलोमीटर दूर ही कनबई गाँव है। इधर पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया। वही पुलिस ने परिजनों की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बस स्टैंड चोकी के 200 मीटर दूर सरस बूथ को चोरों ने बनाया निशाना, सवा लाख का सामान हुआ चोरी

**सागवाड़ा।**

शहर में इन दिनों चोर चुस्त और पुलिस सुस्त नजर आ रही है। आये दिन चोरी की घटनाओं ने कोतवाली पुलिस की रात्रि गश्त की पोल खोल कर रख दी है। बीती रात भी चोरो ने रोडवेज बस स्टैंड पुलिस चोकी से महज 200 मीटर दुरी पर एक सरस बूथ को निशाना बनाया।

चोर सरस बूथ से चोर सवा लाख रुपए का सामान चोरी करके फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बीती रात भी कोतवाली थानान्तर्गत शहर के रोडवेज बस स्टैंड पुलिस चोकी से महज 200 मीटर दूर चोरो ने एक सरस बूथ को अपना निशाना बनाया, सुबह वहा से गुजर रहे लोगो ने सरस बूथ का ताला टुटा हुआ देखा तो वारदात का पता चला। सुचना पर सरस बूथ मालिक व कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटना की जानकारी ली। दुकान मालिक ने बताया की बीती रात चोर सरस बूथ के ताले तोड़कर सरस बूथ में रखा दूध, घी, चिप्स, बिस्किट और मोबाईल एसेसीरीज, बेल्ट सहित अन्य सामान चुरा ले गए। जिसके कीमत करीब सवा लाख रुपए बताई जा रही है। इधर दुकान मालिक की रिपोर्ट पर पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है ।

### पुलिस की रात्रि गश्त व मुस्तेदी की खुली पोल

इधर सरस बूथ पर हुई चोरी की घटना ने कोतवाली पुलिस व बस स्टैंड चोकी पुलिस की रात्रि गश्त व मुस्तेदी की पोल खोलकर रख दी है।

सरस का बूथ बस स्टैंड पुलिस चोकी से महज 200 मीटर की दूरी पर है। ऐसे में चोकी से कुछ दूरी पर हुई चोरी से साफ़ नजर आता है की पुलिस का चोरो को कोई खौफ नहीं है वही पुलिस कितनी सुस्त है।

### आठ दिन पहले भी शहर की 8 दुकानो के टूटे थे ताले

इतना ही नहीं चोरो ने शहर में 8 दिन पहले भी 8 दुकानों में चोरी की वारदात हुई थी।

31 दिसम्बर को शहर की शास्त्री कॉलोनी रोड पर आदिनाथ कॉम्प्लेक्स में 6 दुकानों, रेती स्टैंड पर एक किराना की दुकान व शहीद स्मारक के सामने एक केबिन में चोरी हुई थी। इस दौरान चोर हजारो का सामान चोरी करके फरार हो गए। मामले में सीसीटीवी फुटेज में चोर नजर भी आये थे लेकिन कोतवाली पुलिस अभी तक इन चोरियों का खुलासा नहीं कर पाई है।

## नगरपरिषद देगा स्कूल, वार्ड और सरकारी कार्यालयों में स्वच्छता की रैंकिंग

### स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के तहत होंगी स्वच्छता की रैंकिंग

**डूंगरपुर।** देश की 4 हजार से अधिक निकायों का सर्वेक्षण जल्द ही शुरू होने वाला है ऐसे में शहर के वार्डो,स्कूल, होटल, बाजार,निजी अस्पताल, सरकारी कार्यालय में स्वच्छता के रैंकिंग शहर की सम्बंधित निकाय द्वारा होनी है। सभापति अमृत कलासुआ ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में शहर को नंबर 1 बनाने को लेकर नगरपरिषद ने शहर में स्वच्छता के माप दंडो पर वार्ड, बाजार, होटल, सरकारी कार्यालय, निजी हॉस्पिटल और स्कूल की रैंकिंग शुरू कर दी है। नगरपरिषद आयुक्त नरपत सिंह राजपुरोहित ने बताया कि देश का सबसे बड़ा स्वच्छ सर्वेक्षण शुरू होने वाला है ऐसे में केंद्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण के मापदंडो के अनुसार नगरपरिषद द्वारा तैयारी शुरू कर दी गयी है और इस सर्वेक्षण में निकाय को नंबर बनाने को लेकर परिषद द्वारा युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है। आयुक्त ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत शहर की रैंकिंग केंद्रीय स्वच्छता टीम द्वारा की जायेगी वही स्वच्छता सर्वेक्षण में शहर के वार्ड, बाजार, होटल, सरकारी कार्यालय, निजी हॉस्पिटल और स्कूल की रैंकिंग टीम परिषद द्वारा की जाएगी,इस रैंकिंग में प्रथम,दित्तीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वालो को पारितोषिक और सर्टिफिकेट दिया जाएगा। आयुक्त ने कहा कि वार्ड,बाजार, होटल, सरकारी कार्यालय, निजी हॉस्पिटल और स्कूल की रैंकिंग शुरू ही होने वाली है ऐसे में वार्डवासी अपने वार्डो को स्वच्छ और सुदंर रखे वही बाजार के दुकानदार और निजी अस्पताल के प्रबंधक अपने अपने स्थानों को स्वच्छ और सूंदर रखे और नगरपरिषद द्वारा दिए गए निर्देशों का पलायन करते हुए स्वच्छता की रैंकिंग में स्थान बनाये।

## शादी में शामिल होने के लिए दोनों डोज अनिवार्य

**जयपुर।** कोरोना के केस बढ़ने के साथ ही राजस्थान में शुक्रवार से गाइडलाइन की पाबंदियां लागू हो गई हैं। शादी समारोह से लेकर हर सार्वजनिक इवेंट में अधिकतम 100 लोग ही शामिल हो सकेंगे। खास यह भी है कि शामिल वही लोग होंगे, जिन्होंने दोनों डोज लगवा ली है। बिना वैक्सीन की डबल डोज लगाए अगर कोई ऐसे कार्यक्रमों में शामिल होता है तो आयोजक पर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। जिला प्रशासन शादी से लेकर हर इवेंट की निगरानी के लिए वीडियोग्राफी कराएगा। गृह विभाग ने जुर्माने को लेकर अधिसूचना जारी कर दी है। शादी समारोह की सूचना राजस्थान सरकार के ऑनलाइलन पोर्टल पर देनी होगी। बिना सूचना दिए शादी समारोह में मेहमान बुलाने या 100 से ज्यादा मेहमान शामिल होने पर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगेगा। सरकार ने 7 जनवरी से नई गाइडलाइन लागू की है। गृह विभाग की अधिसचूना के अनुसार, अब शादी समारोह से लेकर हर सार्वजनिक इवेंट (राजनीतिक, धार्मिक और सामाजिक आयोजन, रैलियां, मनोरंजन से जुड़े इवेंट, धरने-प्रदर्शन) में वैक्सीन की डबल डोज वालों को ही शामिल होने की अनुमति होगी। ऐसा नहीं होने पर इवेंट के आयोजक पर जुर्माना लगाया जाएगा।

## जील रेनवेयर कंपनी की दमनकारी नीतियों के खिलाफ उतरे श्रमिक

### कार्य का बहिष्कार करते हुए कम्पनी के खिलाफ नारेबाजी



**सागवाडा।** सागवाडा थाना क्षेत्र में सागवाडा जील रेनवेयर कंपनी की दमनकारी नीतियों के खिलाफ आज श्रमिको ने हल्ला बोल दिया। श्रमिको ने अपने कार्य का बहिष्कार करते हुए कम्पनी के खिलाफ प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की। वही श्रमिको ने कम्पनी को सोमवार तक का अल्टीमेटम दिया है। डूंगरपुर जिले के सागवाडा में स्थित जील रेनवेयर कंपनी द्वारा श्रमिको के किये जा रहे शोषण के विरुद्ध आज श्रमिको का सब्र का बाँध टूट पड़ा।

कम्पनी के हजारो श्रमिको ने जील रेनवेयर कंपनी की श्रमिको के लिए दमनकारी नीतियों के विरोध में हल्ला बोलते हुए अपने कार्य का बहिष्कार कर दिया। इस दौरान श्रमिको ने कम्पनी के खिलाफ जमकर प्रदर्शन व नारेबाजी की। वही जब श्रमिको के कार्य बहिष्कार की जानकारी मीडिया तक पहुंची तो श्रमिको ने कम्पनी ने श्रमिको को अंदर लेकर कम्पनी के गेट बंद कर दिए। वही कम्पनी ने सागवाडा पुलिस को भी मौके पर बुला लिया। श्रमिको ने जील रेनवेयर कंपनी प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए कहा की कम्पनी की दमनकारी नीतियों से श्रमिक परेशान हो चुके है। कम्पनी एक पहले से ही बहुत कम वेतन दे रही है वही छोटी-छोटी बातो पर कम्पनी की ओर से श्रमिको के वेतन में से कटोती की जा रही है। इतना ही नहीं लम्बे समय से कम्पनी ने श्रमिको के इंसेंटिव को भी रोक रखा है। कम्पनी से कई बार वेतन बढाने को लेकर भी मांग की गई लेकिन कम्पनी प्रबंधन की ओर से कोई सुनवाई नहीं की गई ऐसे में मजबूरन उन्हें कार्य का बहिष्कार करना पड़ा। इधर श्रमिको ने कम्पनी प्रबंधन को सोमवार तक समय देते हुए श्रमिको का शोषण बंद करने व वेतन बढाने की मांग की है।

### राजस्थान में 4108 नए कोरोना संक्रमित मिले

**जयपुर।** राजस्थान में कोरोना बेकाबू हो गया है। 8 जनवरी को 4108 नए कोरोना संक्रमित मरीज मिले। वहीं, 227 मरीज ही रिकवर हुए हैं। हॉटस्पॉट बने जयपुर में सबसे ज्यादा 1866 केस सामने आए हैं। जोधपुर में 515 नए केस एक ही दिन में मिले हैं। प्रदेश में एक्टिव केसों का आंकड़ा 10,287 से बढ़कर 14,166 पहुंच गया है। जोधपुर और अलवर में 1-1 कोविड मरीज की मौत हो गई। जयपुर के वैशाली नगर में सबसे ज्यादा 122, सोडाला में 99, झोटवाड़ा में 88 संक्रमित मरीज मिले हैं। जयपुर में जिनका पता नहीं मालूम ऐसे 75 लोग कोविड संक्रमित मिले हैं।

## भारतीय जनता युवा मोर्चा सागवाड़ा विधानसभा का मशाल मार्च

### पीएम मोदी की सुरक्षा में चुक को लेकर जताया विरोध

**सागवाड़ा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पंजाब दौरे के कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्था में हुई चुक के विरोध में शहर में मशाल जुलूस निकाला।

सागवाड़ा विधानसभा के कार्यकर्ताओ एवं पदाधिकारियों ने युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष दशरथ खटिक एवं गौतम पाटीदार के नेतृत्व में नगर युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रियंक भासरिया, सिद्धनाथ मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास उपाध्याय, चितरी मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष यश सुथार के नेतृत्व में मशाल मार्च निकाला। सांसद कनकमल कटारा, सागवाड़ा प्रधान ईश्वरलाल सरपोटा, हरीश पाटीदार, सत्यनारायण सोनी, हरीश सोमपुरा, जिला उपाध्यक्ष ताजेंग पाटीदार, नगर अध्यक्ष श्याम भट्ट, नानालाल, नगर उपाध्यक्ष कांतिलाल खटिक, विजय पंचाल, किसान मोर्चा नगर अध्यक्ष भूपेश पंवार, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष नीलम सोमपुरा, अनुसूचित जाति मोर्चा नगर अध्यक्ष जगदीश मोची, जनजाति मोर्चा नगर अध्यक्ष वासुदेव आहारी, युवा मोर्चा नगर महामंत्री भावेश माली, जुगल पंवार, जशनिल जैन, प्रकाश व्यास, ग्रामीण मंडल महामंत्री प्रदीप गामोट, अनुराग पाठक, नगर उपाध्यक्ष लक्ष्यराज शर्मा, मिहिर व्यास, पूर्व नगर महामंत्री दामोदर गोगरोत, पूर्व कोशाध्यक्ष रामचंद्र जोशी, नरेश सेवक सहित भाजपा के कई कार्यकर्ताओ एवं पदाधिकारियों ने उपस्थित होकर कांग्रेस पार्टी मुर्दाबाद..., सोनिया गांधी हाय हाय..., राहुल गांधी हाय हाय...चरनजीत चन्नी मुर्दाबाद...के नारों के साथ मशाल मार्च निकाला।

## मानसिक रूप से बीमार महिला ने अपने घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली

**डूंगरपुर।** जिले के बिछीवाडा थाना क्षेत्र के खजुरी गांव में मानसिक रूप से बीमार महिला ने अपने घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इससे पहले भी महिला दो बार आत्महत्या का प्रयास कर चुकी थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है वही मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डूंगरपुर जिले के बिछीवाडा थानाधिकारी रणजीत सिंह ने बताया की

बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र के खजूरी गांव में रहने वाली हकरी गमेती (31) पत्नी मुकेश गमेती ने घर से रस्सी से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। विवाहिता की 10 साल पहले शादी हुई थी। घटना के समय महिला का पति मुकेश बैंक गया था, जबकि उसकी बेटी पारस (8) स्कूल में पढ़ने के लिए गई थी। करीब 2 घंटे बाद पति मुकेश बैंक से वापस घर लौटा तो पत्नी हकरी को फंदे पर लटका देखकर उसके होश उड़ गए। घटना की सूचना पर बिछीवाड़ा थानाधिकारी रणजीतसिंह मय जाब्ता मौके पर पहचे ओर घटना की जानकारी ली।

पुलिस ने परिवार के लोगों की मौजूदगी में शव को फंदे से नीचे उतरवाया। पति मुकेश ने बताया कि उसकी पत्नी हकरी मानसिक रूप से बीमार रहती थी उसका ईलाज भी चल रहा है। मानसिक बिमारी से परेशान हकरी ने पहले भी दो बार आत्महत्या का प्रयास कर चुकी है, लेकिन दोनों ही बार उसे बचा लिया। तीसरी बार घर में अकेली होने पर उसने फंदा लगाया। पुलिस ने शव को डूंगरपुर हॉस्पिटल के मोर्चरी में रखवाया है।

पति की रिपोर्ट पर पुलिस ने केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है ओर मामले की जांच की जा रही है।

## राजस्थान में तीसरी लहर

**जयपुर।** राजस्थान में कोरोना की तीसरी लहर आ चुकी है। मेडिकल एक्सपर्ट का कहना है कि दुनियाभर के साथ भारत के कई राज्यों में पिछले 2-3 दिन में मरीजों की संख्या में दोगुनी बढ़ोतरी हुई है। ओमिक्रॉन वैरिएंट माइल्ड है यानि इसका असर कम है और घातक भी नहीं, लेकिन यह डेल्टा से 5 गुना तेजी से फैलता है। माइल्ड वैरिएंट में 11 गुना तक केस बढ़ रहे हैं।

अब तक 35 तरह के म्यूटेशन हो चुके हैं। एक्सपर्ट आशंका जता रहे हैं कि कोई ऐसा म्यूटेशन हो गया, जिससे यह दूसरी लहर के डेल्टा वायरस या उससे ज्यादा खतरनाक बन गया तो 5 गुणा तेजी से फैलने के कारण बहुत बड़े स्तर पर मौतों का कारण बन सकता है। जयपुर और जोधपुर हॉट स्पॉट बन चुके हैं। जयपुर में 7 जनवरी तक कोरोना के 139 मरीज भर्ती हुए। जिनमें से RUHS अस्पताल में सबसे ज्यादा 67 केस शामिल रहे। इनमें 54 कोरोना और बाकी इंफ्यूएंजा लाइक इलनेस के मरीज हैं। 2 मरीजों में ओमिक्रॉन पाया गया है। इनमें एक 14 साल का बच्चा और दूसरा 65 साल का बुजुर्ग हैं।

## डूंगरपुर एडीएम कोरोना पॉजिटिव, आज 14 केस मिले

### एक्टिव केस बढ़कर हुए 66, संपर्क में आए लोगों की होगी जांच

डूंगरपुर ।डूंगरपुर में शनिवार को 14 कोरोना पॉजिटिव केस सामने आए है। संक्रमितों में एडीएम भी शामिल है। जिले में एक्टिव केस की संख्या बढ़कर 66 हो गई है।

डूंगरपुर ब्लॉक से 4, सीमलवाड़ा ब्लॉक से 4, बिछीवाड़ा से एक ओर सागवाडा ब्लॉक से 1 संक्रमित मिला है। सीएमएचओ डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज सेंट्रल लेबोरेट्री से शनिवार को आई रिपोर्ट में 14 पॉजिटिव केस आये है। एडीएम कृष्णपाल सिंह चौहान भी कोरोना पॉजिटिव मिले है। मरीजों के कांटेक्ट नंबर से उनके एड्रेस पता किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम उनके घर जाकर परिवार की ट्रैवल और कांटेक्ट हिस्ट्री का पता लगाया जाएगा। संपर्क में आए लोगों के सैंपल लिए जाएंगे। सीएमएचओ ने बताया कि जिन इलाकों में पॉजिटिव केस आये है उनमें सीएचए, एएनएम की टीम लगाकर सर्वे का कार्य करवाया जा रहा है। कॉलोनियों में अगर कोई बीमार, सर्दी-जुकाम की शिकायत है तो उनकी भी सैंपलिंग कर दवाइयां दी जा रही है।

### आजाद नगर कॉलोनी में कर्फ्यू

शहर के आजाद नगर कॉलोनी में 5 पॉजिटिव केस आने के बाद एसडीएम ने शुक्रवार शाम को कर्फ्यू लगा दिया था। आजाद नगर में बोस्टन स्कूल वाली गली से लेकर मकान नंबर 98 तक कर्फ्यू लगाया है। उस इलाके में लोगों की आवाजाही बंद है। लोग अपने घरों में कैद रहे। पॉजिटिव मरीजों को दवाइयां देने स्वास्थ्य विभाग की टीम घूमती रही।

### एडीएम ने कहा- संपर्क में आए लोग करवाए जांच

कोरोना पॉजिटिव आने के बाद एडीएम कृष्णपाल सिंह चौहान ने कहा कि उन्हें गले में हल्की खराश है। उन्होंने कहा कि कोरोना से घबराने की जरूरत नहीं है। पिछले 7 दिनों में जो लोग उनसे संपर्क में आए है वे लोग भी

## खोडनिया के जन्मदिन पर रक्तदान, संभागभर से बधाई देने पहुंचे कांग्रेसी




**सागवाड़ा।** कांग्रेस कार्यालय सागवाड़ा में पूर्व राज्यमंत्री व कांग्रेस के निवर्तमान जिला अध्यक्ष दिनेश खोडनिया के जन्मदिन के मौके पर शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

इस दौरान 56 कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने अपने रक्त का दान किया। इस मौके पर रक्तदाताओं ने खोडनिया की लम्बी उम्र की कामना की। वही दिनेश खोडनिया ने सभी रक्तदाताओं को रक्तदान के लिए आभार जताया साथ ही समय-समय पर पीड़ित मानवता के लिए रक्तदान करने का आव्हान किया। वही खोडनिया के जन्मदिन के मौके पर बधाई देने वालो का भी दिनभर तांता लगा रहा। प्रदेश के जलसंसाधन मंत्री महेंद्रजीत सिंह मालविया, प्रतापगढ़ विधायक रामलाल मीणा, डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरख सहित उदयपुर संभाग से कई कांग्रेसी नेता भी सागवाड़ि पहुंचे जहां सागवाड़ा कांग्रेस कार्यालय में सभी ने दिनेश खोडनिया को उनके जन्मदिन की बधाई दी।